**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Need to review the decision to hike GST on textiles to 12%-laid.

**श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा):** रोटी, कपड़ा और मकान आम आदमी की प्राथमिक आवश्यकताओं मे है, महोदय रोटी के अलावा कपड़ा आदमी की दूसरी प्रमुख आवश्यकता है जीएसटी लागू होने से पहले देश में कपड़े पर कोई टैक्स नही था, जीएसटी में 5 प्रतिशत टेक्स लगाया गया परन्तु अभी कपड़े पर जीएसटी काउंसिल द्वारा कपड़े पर जीएसटी 12 प्रतिशत कर दी गई, जो 1 जनवरी 2022 से लागू होगी । मैं वित्तमंत्री महोदया से आग्रह करना चाहता हूँ कि कपड़ा व्यक्ति की प्राथमिक आवश्यकता है तथा जीएसटी 12 प्रतिशत होने से कपड़ा महंगा हो जायेगा इससे आम आदमी प्रभावित होगा । इसके साथ ही कपड़ा उद्योग सबसे अधिक रोजगार देने वाला उद्योग भी है । इसलिए कपड़ा उद्योग हतोत्साहित नही हो इसके लिए आवश्यक है कि जीएसटी की दर पूर्व की भांति 5 प्रतिशत की जावे ताकि उद्योग विश्व पटल पर भी व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा में बना रहे ।